SNS academy

a fingerprint school

Sincerity, Nobility and Service

1st Terminal Examination – 2019-20

HINDI (2nd Lang)

GRADE: IX-A&B **MARKS: 80**

DATE: 30.07.2019 **TIME: 3 Hrs**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख , ग ,और घ ।
2. चारों खंड के उत्तर देने अनिवार्य हैं ।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

खंड - क अपठित

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

महाभारत में एक जगह पर पाण्डव खुद तो गुलाम बन गये, पांचाली को भी जुए में हार गये। उसे सभा मध्य तक खींचकर लाया गया और उसका वस्त्रापहरण किया गया, पर श्रीकृष्ण ने साड़ी देकर उसकी लाज रखी, फ़िर पांचाली ने गुस्से में आकर शपथ लिया कि दुर्योधन और दुश्शासन को मारकर उनके रक्त से मैं अपने बाल संवारूँगी। धृतराष्ट्र ने कंपित स्वर में कहा- ‘ बेटी तुम जो भी वर माँगो, देता हूँ।’ उसने पाँचों पाण्डवों को मुक्त करने का वर माँगा ।

क) सभा में किसका वस्त्रापहरण किया गया ? 2

ख) किसने उसकी लाज रखी ? 2

ग) पांचाली ने गुस्से में आकर क्या शपथ लिया ? 2

घ) धृतराष्ट्र ने कंपित स्वर में क्या कहा ? 2

ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

प्र. 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

दूर-दूर की अब मत सोचो तुम
बार-बार अब कुछ मत सोचो तुम
प्यार की बातें सोचो सदा तुम
प्यार से जीवन बिताओ अब तुम

बढ़ते चलो, कुछ करते चलो
साथ दो सबका,अपनाओ सबको
जग तेरा-मेरा नहीं,इसमें हक है सबको
मन में संतोष भरो,जिताओ सबको ।

क. कविता में कवि किसे संबोधित कर रहा है ? 2

ख. हमें जीवन कैसे बिताना है ? 2

ग. ‘ जग तेरा-मेरा नहीं ’ का क्या आशय है ? 1

खंड -ख व्याकरण

प्र. 3. क. वर्ण-विच्छेद कीजिए । 2

1. एवरेस्ट 2. अज्ञात

ख. उचित स्थान पर अनुनासिक / अनुस्वार का प्रयोग कर शब्दों को दोबारा लिखिए। 2

1. ऊचाई 2. तबू 3. पहुचना 4. अतरग

ग. उचित स्थान पर नुकते का प्रयोग कर शब्दों को लिखिए। 1

1. जिक्र 2. बर्फ

प्र. 4. क. संधि कीजिए। 2

1. नि: + संकोच 2. पर्वत + आरोही

ख. संधि-विच्छेद कीजिए। 2

1. निश्चित 2. सत्कार

प्र.5. क. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग को अलग-अलग लिखिए। 2

1. उपन्यास 2. विख्यात

ख. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय को अलग-अलग लिखिए। 2

1. विदाई 2. सामाजिक

ग. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए। 3

1. मैं सूरज रवि और दिनकर सिनेमा देखने जायेंगे
2. किसी लॉण्ड्री पर दे देते हैं जल्दी धुल जायेंगे
3. तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है न मैं जानता हूँ

खंड- ग

प्र.6. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था ? 2

2. सत्कार की उष्मा समाप्त होने पर क्या हुआ ? 2

3. लेखिका को 'सागरमाथा' नाम क्यों अच्छा लगा ? 1

प्र. 7. लेखिका को देखकर 'की' हक्का-बक्का क्यों रह गया ? **(अथवा)** 5

जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए ?

प्र. 8. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. एक को साधने से सब कैसे सध जाता है ? 2

2. प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता ? 2

3. रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ? 1

प्र. 9. हमें अपना दु:ख दूसरों पर क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए ? अपने मन की व्यथा दूसरों से कहने पर उनका व्यवहार कैसा हो जाता है ? 5

प्र. 10. गिल्लू की किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि अब उसका अंत समय समीप है ? **(अथवा)** 5

पाठ के आधार पर कौवे को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा जाता है ?

खंड- घ

प्र. 11. दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

क. स्वर्ग से बड़ी है मातृभूमि - • मातृभूमि का मनुष्य पर उपकार
• मातृभूमि के प्रति हमारा कर्तव्य

ख. दिनोंदिन बढ़ती महँगाई - • महँगाई बढ़ने के कारण
• बढ़ती महँगाई का लोगों पर प्रभाव • महँगाई रोकने के उपाय

प्र. 12. खोया हुआ सामान वापस लौटाने के लिए किसी अपरिचित को धन्यवाद देते हुए एक पत्र लिखिए । 5

प्र. 13. यात्री और ऑटोरिक्शा चालक के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए। 5

प्र. 14. आपको एक कार ड्राइवर की जरूरत है, इसके लिए 25 से 30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

प्र. 15. दिए गये चित्र का वर्णन कीजिए। 5